लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1361

14 दिसंबर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

वस्त्र प्रशिक्षण केंद्र

1361. डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में तमिलनाडु सहित देश भर में कितने वस्त्र प्रशिक्षण केंद्र पंजीकृत हैं और कार्य कर रहे हैं;

(ख) क्या देश में ऐसे और केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस संबंध में तमिलनाडु से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उस पर क्या कार्रवाई की गई है;

(ड़) क्या सरकार ने वस्त्र मूल्य श्रृंखला के पारंपरिक और संगठित दोनों क्षेत्रों में प्रवेश स्तर पर प्रशिक्षण और रोजगार सृजन के लिए विभिन्न राज्यों की सरकारी एजेंसियों और क्षेत्रीय संगठनों के साथ भागीदारी की है; और

(च) यदि हां, तो विशेषरूप से तमिलनाडु राज्य सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) से (ग): यह मंत्रालय वस्त्र क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों का क्रियान्वयन कर रहा है और प्रचालन तथा तकनीकी आवश्यकताओं के लिए उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान करके प्रशिक्षण संस्थानों/उद्योग साझेदारों, राज्य सरकारों के साथ साझेदारी में वस्त्र प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजन करता है। समर्थ की विस्तृत कौशल उन्नयन योजना के अंतर्गत पूरे देश में कुल 1,537 पंजीकृत प्रशिक्षण केंद्र कार्यात्मक हैं जिसमें तमिलनाडु के 400 केंद्र शामिल हैं। बुनकर सेवा केंद्र, हस्तशिल्प सेवा केंद्र, विद्युतकरघा सेवा केंद्र, रेशम उत्पादन संस्थानों और वस्त्र अनुसंधान संघों की संस्थागत क्षमता का उपयोग भी प्रशिक्षण उद्देश्य के लिए किया जाता है। विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षण केंद्रों को खोलना आवश्यकता आधारित और मांग अनुसार है।

(घ): समर्थ के अंतर्गत प्रशिक्षण लक्ष्य के आवंटन के लिए हथकरघा और वस्त्र निदेशालय, तमिलनाडु सरकार से एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। राज्य एजेंसी को 1400 लाभार्थियों का प्रशिक्षण लक्ष्य आबंटित किया गया है।

(ङ) और (च): वस्त्र मंत्रालय ने वस्त्र मूल्य श्रृंखला के परंपरागत और संगठित क्षेत्र दोनों में प्रवेश स्तर का प्रशिक्षण और रोजगार सृजन के लिए विभिन्न राज्यों की राज्य सरकार एजेंसी और वस्त्र मंत्रालय के क्षेत्रीय संगठनों को प्रशिक्षण लक्ष्य आंवटित किया है। ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

अनुबंध-I

राज्य एजेंसियों और वस्त्र मंत्रालय के क्षेत्रगत संगठनों को समर्थ के अंतर्गत आवंटित प्रशिक्षण लक्ष्य का विवरण

क्र.सं.	राज्य	राज्य एजेंसियां
1	अरुणाचल प्रदेश	अरुणाचल प्रदेश हथकरघा और हस्तशिल्प विकास सोसायटी लिमिटेड
2	असम	असम कौशल विकास मिशन
3		हथकरघा और वस्त्र निदेशालय, असम
4	झारखंड	हथकरघा, रेशम उत्पादन और हस्तशिल्प निदेशालय, झारखंड, सरकार
5	कर्नाटक	कर्नाटक स्टेट टेक्सटाइल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड
6	केरल	भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान-कन्नूर
7	मध्य प्रदेश	मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम
8	मणिपुर	हथकरघा और वस्त्र निदेशालय, मणिपुर
9	मिजोरम	हथकरघा और हस्तशिल्प विंग, वाणिज्य और उद्योग निदेशालय, मिजोरम
10	तमिलनाडु	हैंडलूम एंड टेक्सटाइल्स, तमिलनाडु
11	तेलंगाना	तेलंगाना राज्य वस्त्र परिसर सहकारी समिति
12	त्रिपुरा	कौशल विकास निदेशालय, त्रिपुरा
13	उत्तर प्रदेश	उद्यमिता विकास संस्थान उ.प्र.
14		एमएसएमई-टीडीसी (पीडीपीसी)
15		यूपी औद्योगिक सहकारी संघ लिमिटेड

क्र.सं.	वस्त्र मंत्रालय का क्षेत्रगत संगठन
1	विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय
2	विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय
3	केंद्रीय रेशम बोर्ड
4	राष्ट्रीय पटसन बोर्ड

*****